हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

14 नगर में निकाली गई सतनाम संदेश शोभायात्रा


16 भागवत में नारद–व्यास संवाद पर श्रद्धालु ...




## खबर संक्षेप

### रेल पटरी पर गिरने से यात्री का पंजा कटा

भाटापारा। दुर्ग से भोपाल जाने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस बीते 17 सितम्बर रात 8 बजे भाटापारा स्टेशन पहुंचने के दौरान ग्राम देवरी निवासी चन्द्रभूषण तिवारी 50 साल ट्रेन के रूकते समय अनबैलेंस होकर ट्रेन से सीधे पटरी पर गिर गया, जिससे उसके दाहिने पैर का पंजा कट गया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने उसे पटरी पर गिरने से बचाने का प्रयास भी किए। घटना की सूचना मोबाइल से देवरी में उसके भाई को देकर सूचित किया गया, जहां घायल का प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेजा गया। रेलवे जीआरपी के मिश्रा ने बताया की ट्रेन की गति धीमी थी और वह उतरने का प्रयास कर रहा था, इसी दौरान यह हादसा हो गया।

### 1058 बोरी अवैध धान जब्त



**बलौदाबाजार।** अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा कड़ी निगरानी एवं अवैध धान पर जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को संयुक्त टीम ने 1058 बोरी अवैध धान जब्त किया। जानकारी के अनुसार ग्राम लवन में थोक व्यापारी हरि ट्रेडर्स (हरि वर्मा) द्वारा अलग-अलग जगहों पर अवैध रूप से रखे गये 700 बोरी धान को जब्त किया गया। जब्त किये गये धान को मण्डी टीम की निगरानी में रखा गया है। तहसील बलौदाबाजार के ग्राम ठेलकी में कृष्ण कुमार कश्यप के दुकान से 155 कट्टा, सुखी राम वर्मा के दुकान से 40 कट्टा, प्रेम लाल वर्मा के दुकान से 15 कट्टाकुल 210 कट्टा अवैध धान को जब्त कर ग्राम कोटवार आनंद दास मानिकपुरी को सुपुर्द किया गया। तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम सुन्दरावन में हरेश कुमार सोनवानी के प्रतिष्ठान से 26 कट्टा, ग्राम गोडा में हीरा सिंह साहू के प्रतिष्ठान से 46, ग्राम तेलासी में आजूराम सोनवानीके प्रतिष्ठान से 76 कट्टा अवैध धान जब्त कर कोटवार मनहरण देव दास को सुपुर्द किया गया।कार्यवाही के दौरान एसडीएम पलारी दीपक निकुंज, एसडीएम बलौदाबाजार प्रकाश कोरी, तहसीलदार पेखन टोंड्रे, हमेश साहू मौजूद थे।

# नेशनल लोक अदालतों में सर्वाधिक प्रकरणों का निपटारा करने वाले राज्यों में छग शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रदर्शन एवं मूल्यांकन पर द्वितीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन 18 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य राज्य में राष्ट्रीय लोक अदालत प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु उपलब्धियों की समीक्षा एवं प्रदर्शन का मूल्यांकन करना था। इस राज्य स्तरीय सम्मेलन की अध्यक्षता न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गई। राम्मेलन की राह अध्यक्षता न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल न्यायाधीश उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ एवं कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीरागढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू न्यायाधीश उच्च न्यायालय छत्तीसगढ एवं अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति द्वारा की गई।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालतों की सफलता में उत्कृष्ट योगदान के लिए समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों, परिवार न्यायालयों के न्यायाधीशों तथा पैरा लीगल वॉलंटियर्स को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। साथ ही, राष्ट्रीय लोक अदालत 16 दिसम्बर 2023 तथा वर्ष ▶▶ शेष पेज 14 पर

## मुख्य न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया

### अदालत प्रणाली को और अधिक सशक्त किया

द्वितीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत प्रणाली को और अधिक सशक्त किया जाएगा तथा त्वरित, सुलभ एवं किफायती न्याय उपलब्ध कराने हेतु न्यायपालिका एवं विधिक सेवा संस्थाओं की प्रतिबद्धता निरंतर बनी रहेगी।



### राष्ट्रीय लोक अदालतें समान न्याय की सशक्त मिसाल

न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने अभिभाषण में इस बात पर विशेष बल दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालतें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39-क में निहित समान न्याय की परिकल्पना को साकार करने का एक अत्यंत प्रभावी माध्यम बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि विगत नौ राष्ट्रीय लोक अदालतों के दौरान कुल 2,27,18,454 मामलों का अभूतपूर्व निपटारा किया गया है तथा कुल प्रकरणों के निस्तारण के संदर्भ में छत्तीसगढ़ निरंतर राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष पांच राज्यों में स्थान प्राप्त करता रहा है। उन्होंने इन उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों, समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं पैरा लीगल वॉलंटियर्स के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## आंदोलन : नेशनल हेराल्ड केस में गांधी परिवार को राहत

# कांग्रेस ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को कोर्ट द्वारा ईडी के दर्ज एफआईआर को रद्द किया गया। कांग्रेस पार्टी ने इसे भाजपा का षड्यंत्र का हिस्सा बताते हुए सत्य की जीत निरूपित करते हुए स्थानीय जिला मुख्यालय में भाजपा कार्यालय का घेराव किया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए स्थानीय राजीव गांधी चौक में कांग्रेसजन एकत्रित होकर 18 दिसंबर को संत शिरोमणि गुरु घासीदास की जयंती मनाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे, भाटापारा विधायक इंद्र साव, कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश वर्मा, सुनील माहेश्वरी, मानस पांडे, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के मोदी सरकार द्वारा ईडी का दुरुपयोग करते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को बदनाम करने एफ आई आर दर्ज करवाई, जिसे कोर्ट ने अपना फैसला देते हुए इसे रद्द किया जो की सत्य की जीत है। वक्ताओं ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर केवल कांग्रेस के नेताओं पर झूठा आरोप लगाते हुए केंद्रीय संस्थाओं सीबीआई, ईडी का दुरुपयोग करने का कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ अपने चहेते व्यवसायी अंबानी, अडानी को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार केवल विकास कार्य की घोषणा कर रही है, किंतु धरातल में विकास कार्यों की स्थिति विपरीत है। भाजपा के विधायक ही विधानसभा में सरकार के खिलाफ में प्रश्न उठा रहे हैं, इससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय सरकार की क्या स्थिति है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम गिरी, रूपेश सिंह ठाकुर, अमर मंडावी, भुवनेश्वर वर्मा, युधिष्ठिर नायक, सुनील कुर्रे, दयाराम वर्मा सहित मोतीलाल वर्मा, जिला साहू संघ अध्यक्ष सुनील साहू, राजा तिवारी, आर्यन ▶▶ शेष पेज 14 पर

# असामाजिक तत्वों ने सांस्कृतिक मूर्तियों को किया क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



नगर पालिका के सिविल लाइन, परसा भदेर मार्ग स्थित सर्किट हाउस के पीछे षष्टी मंदिर के सामने लगाई गई छत्तीसगढ़ी संस्कृति की प्रतीक मूर्तियों को अज्ञात बदमाशों ने तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस घटना से स्थानीय प्रशासन और आम नागरिकों में भारी आक्रोश है।

- शिकायत पर पुलिस खंखाल रही सीसीटीवी फुटेज, 20 दिन पहले ही हुई थी स्थापना

नगर पालिका वार्ड 20 में षष्टी मंदिर के पास सौंदर्यीकरण कार्य के तहत लगभग 20 दिन पहले ही एफआरपी मटेरियल से निर्मित पांच मूर्तियां स्थापित की गई थीं। ये मूर्तियां छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को दर्शाती थीं। 17 दिसंबर की रात असामाजिक तत्वों ने इन मूर्तियों को निशाना बनाते हुए इन्हें पूरी तरह तोड़ दिया, जिससे शासकीय संपत्ति को बड़ी क्षति पहुंची है।नगर पालिका अध्यक्ष ▶▶ शेष पेज 14 पर

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

नगर पालिका प्रशासन ने थाना प्रभारी को पत्र जारी कर दोषियों की जल्द पहचान कर गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाने वाले बदमाशों को पकड़ा जा सके।

# गुरु घासीदास बाबा की जन्म जयंती मनाने उमड़ा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

गिरौदपुरी धाम में बाबा गुरुघासीदास की 269वीं जयंती पर लाखों श्रद्धालुओं पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं ने बाबा के चरणों में शीश नवाया और सुख-समृद्धि की कामना की।

- छाता पहाड, पंचकुंडीय, जन्म स्थल, सफुरा तालाब, अमृत कुंड, चरण कुंड में श्रद्धालुओं की लगा रहा तांता

सुबह से ही गिरौदपुरी की गलियां सतनाम के जयकारों से गूंज उठीं। आस्था का आलम यह था कि कई श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए मिलों दूर से भुइयां लोट मारते हुए धाम पहुंचे। चरण कुंड, अमृत कुंड, छाता पहाड़, सफुरा तालाब और पंचकुंडीय जैसे पवित्र स्थलों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष भीड़ का रिकॉर्ड टूटता नजर आया।





जयंती पर श्रद्धालुओं ने जैतखाम की पूजा-अर्चना कर सफेद झंडा चढ़ाया, जो शांति और सत्य का प्रतीक है। गिरौदपुरी के साथ-साथ जगह-जगह गुरुगद्दी पर माथा टेकने के लिए भक्तों की रेलमपेल मची रही। लोग जीप, बस, ट्रैक्टर, पिकअप और ऑटो जैसे विभिन्न वाहनों से बड़ी संख्या में गिरौदपुरी पहुंचे।

भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए ▶▶ शेष पेज 14 पर



### जैतखंभों पर लहराया श्वेत ध्वज

**बलौदाबाजार।** बाबा गुरुघासीदास की जयंती गुरुवार को जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। गांव से लेकर शहर तक, हर तरफ मनखे-मनखे एक समान का संदेश गूंजता रहा। जयंती पर जिले के प्रत्येक गांव और मोहल्ले में स्थित सतनाम चौक एवं जैतखाम स्थलों पर विशेष सजावट की गई थी। समाजजनों ने पारंपरिक विधि-विधान के साथ पवित्र जैतखाम पर नया सफेद ध्वज (पालो) चढ़ाया और बाबाजी की आरती कर आशीर्वाद लिया। सामूहिक पूजा के साथ-साथ लोगों ने अपने घरों के आंगन में स्थित जैतखाम पर भी सफेद ध्वजा फहराकर दीप प्रज्ज्वलित किए। जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित नैनदास स्मृति सभा स्थल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। यहां गुरुघासीदास बाबा के मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। शाम को समाज प्रमुखों की उपस्थिति में जैतखाम पर पालो चढ़ाया गया, जिसके बाद रात भर चलने वाले पंथीनृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज़ हुआ।

### कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा हुए शामिल

विशेष जयंती कार्यक्रम में मंत्री टंकराम वर्मा ने शिरकत की। बाबाजी के चरणों में माथा टेकने के बाद उन्होंने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए कहा गुरुघासीदास बाबा ने समाज को सत्य, अहिंसा और समानता की जो राह दिखाई है, वह आज भी दुनिया के लिए पथ-प्रदर्शक है। उनके सात वचन केवल शब्द नहीं, बल्कि सुखी जीवन के आधार हैं। हमें उनके सभी मानव एक समान के संदेश को अपने जीवन में उतारना चाहिए।मंत्री वर्मा ने इस अवसर पर पूरे प्रदेश की सुख, शांति, समृद्धि और सामाजिक समरसता की कामना की। उन्होंने कहा कि बाबा की कृपा से छत्तीसगढ़ का हर नागरिक उन्नति करे और समाज में भाईचारा बना रहे। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, जिन्होंने इस महापर्व को यादगार बनाया।

# 197 पौवा अंग्रेजी और गोवा शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

ग्राम पंचायत सेमरिया में अवैध शराब बिक्री करने वाले सिलाऊ राम केवट के खिलाफ बड़ी सरपंच और महिला कमांडों ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 97 पौवा गोवा और 100 पौवा महुआ शराब को जब्त किया।

- सेमरिया में सरपंच और महिला कमांडो ने की कार्रवाई

लंबे समय से मिल रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए सरपंच वीरेंद्र साहू ने पंचायत के युवाओं, जनप्रतिनिधियों और महिला कमांडो की एक विशेष टीम गठित की। इस टीम ने संबंधित व्यक्ति के घर पर अचानक दबिश दी, जहां से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई। जब्त शराब और आरोपी को आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

कार्रवाई के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सरपंच वीरेंद्र साहू ने चेतावनी दी कि सेमरिया पंचायत क्षेत्र के भीतर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या नशे के कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह अभियान केवल शुरुआत है, भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि गांव का माहौल सुरक्षित और नशामुक्त रह सके। उनकी इस पहल से ग्रामीणों में खुशी और संतोष का माहौल है।



हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

# सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक

# हरिभूमि

## रायपुर संस्करण के 24 वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



### सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण



हरदीप सिंह (राजू) भाटिया
अध्यक्ष
नगर पालिका सिमगा

हरिभूमि समाचार पत्र एक ऐसा अखबार है जो सभी धर्म-संप्रदाय के हक में अपने विचार रखता है, हरिभूमि जन साधारण के पास जाकर, उनसे उनकी समस्याओं के बारे में लोगो की समस्याए सुनकर समस्याओं के निवारण करते है।

हरिभूमि समाचार पत्र के 24 वर्षों की विश्वासपूर्ण पत्रकारिता और उज्ज्वल भविष्य की ओरपत्रकारिता केवल समाचार देने का माध्यम ही नहीं होती, बल्कि यह समाज का दर्पण, लोकतंत्र की रीढ़ और जन-जन की आवाज़ होती है! ऐसे में हरिभूमि समाचार पत्र का 24 वर्ष पूर्ण करना केवल एक संस्थान की वर्षगांठ नहीं, बल्कि प्रतिबद्ध, निर्भीक और जनोन्मुख पत्रकारिता की एक सशक्त यात्रा का उत्सव है! हरिभूमि समाचार पत्र अपने रजत जयंती वर्ष के राह पर निकल चली है! 24 वर्ष पूर्व जिस उद्देश्य, विश्वास और संकल्प के साने अपने कदम बढ़ाए, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक और मजबूत दिखाई देता है!इन वर्षों में हरिभूमि समाचार पत्र ने समय के साथ स्वयं को बदला, तकनीक को अपनाया, पाठकों की अपेक्षाओं को समझा और अपनी पत्रकारिता की धार को लगातार तेज किया, तारीफ़ के काबिल है! यही कारण है कि आज हरिभूमि केवल एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि करोड़ों पाठकों का भरोसा भी बन चुका है! हरिभूमि की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और साहसिक लेखनी रही है, साथ ही साथ जब-जब समाज को सच की आवश्यकता पड़ी, तब-तब इस अखबार ने बिना किसी दबाव के सच्चाई को सामने रखा जैसे कि ग्रामीण मुद्दों से लेकर शहरी समस्याओं तक, राजनीति से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और खेल तक का सफ़र हरिभूमि ने हर वर्ग और हर विषय को समान महत्व दिया है !यही समावेशी दृष्टिकोण इसे अन्य समाचार माध्यमों से अलग पहचान देता है! आज के दौर में, जब पत्रकारिता कई चुनौतियों से जूझ रही है, फेक न्यूज़, टीआरपी की होड़, डिजिटल दबाव ऐसे समय में हरिभूमि का 24 वर्षों तक अपनी विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशंसनीय ही नहीं, प्रेरणादायक भी है!यह सफलता संपादकीय टीम, संवाददाताओं, कर्मचारियों और प्रबंधन की सामूहिक मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में निभाया वो सम्मान के हकदार भी हैं।

### त्वरित टिप्पणी का जवाब नहीं



सुनील माहेश्वरी
भाटापारा विधानसभा

जैसा नाम, वैसा ही काम त्वरित टिप्पणी के प्रकाशन होते ही शासन-प्रसासन का तत्काल कार्यवाही होना देखने को मिलता है। त्वरित टिप्पणी में हमेशा सच्ची खबरों को प्रकाशित किया जाना यह हरिभूमि अखबार का दात्यिव व कर्त्तव्य होता है।

### स्वास्थ्य का खजाना, सेहत



डॉ. दौलत पाल
जनपद अध्यक्ष सिमगा

शारीरिक स्वास्थ्य शरीर की स्तिथि को दर्शाता है। हरिभूमि अपने सेहत प्ररिशिष्ठ के माध्यम से शरीर की संरचना, विकास, कार्यप्रणाली और रखरखाव आदि शामिल होता है, जिससे बेहतर स्वास्थ्य की जानकारी पाठकों को दी जाती है।

### हमारी ज़िन्दगी का हिस्सा हरिभूमि



चन्द्रमणी तिवारी
भाजपा मंडल अध्यक्ष
सिमगा

अखबार का महत्व समझने के लिए आपको खुद का महत्व समझना होगा। क्योंकि जब सारे हथियार बेअसर हो जाते हैं तो अखबार ही काम आता है। ठीक उसी तरह हरिभूमि अखबार हमारे जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है।

### जब खबर से पोल है खुलती



मनोहर पंजवानी
भाजपा जिला व्यापारी प्रकोष्ठ
बलौदाबाजार भाटापारा

जब खबर से पोल खुलती है, तभी सच्ची खबर हमें पढने को मिलती है, हरिभूमि ने अपने 23 वर्षो की मेहनत से हमेशा सच्चाई ही प्रकट किया है। इसी वजह से ही पाठकों ने हमें बहुत प्यार एवं विश्वास के साथ हमेशा छ.ग. का नं. 1 अखबार बना दिया।

### प्रदेश को नई पहचान दी



मनीषा माया सलूजा
पार्षद
नगर पालिका सिमगा

हरिभूमि के शुरूआत से ही राज्य के विकास में हरिभूमि का विशेष योगदान रहा, समाचार के माध्यम से जन-जन की आवाज़ को समय-समय पर बुलंद करके शासन, प्रसाशन व जनता की आवाज बनता गया। प्रदेश को नई पहचान देने में योगदान रहा।

### सबसे सस्ता, सब से अच्छा



प्रियंका अनूप तिवारी
सभापति
नगर पालिका सिमगा

हरिभूमि प्रारम्भ समय में एक रूपये का अखबार आपने पाठकों को सही दाम और सच्ची खबरों के साथ अपने पाठकों के हर घर का सबसे प्रिय अखबार बनता गया, और आज छत्तीसगढ़ का सबसे बड़े अखबार के रूप में हमारे पाठकों ने हमें यह स्थान दिया।

### समाचारों की कसावट हेतु प्रतिबद्ध



कुंज बाई राजू कोसले
सभापति
नगर पालिका सिमगा

भले ही आज का इन्टरनेट युग है मगर समाचार पत्रों एवं अखबारों ने अपनी उपयोगिता को अभी तक बनाए रखा हैं, सस्ती कीमत तथा टिकाऊ खबरों के स्रोत समाचार पत्र का महत्व आज भी उतना ही है जितना किसी समय हुआ करता था, हरिभूमि अपने समाचारों हेतु प्रतिबद्ध रहता है।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक, बाल भूमि



परदेशी सोनकर
सभापति
नगर पालिका सिमगा

प्रत्येक बच्चे के पास उत्प्रेरणा, शिक्षा, खेल – कूद मनोरंजन और क्रियाकलापों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और संवेदनात्मक विकास का अधिकार है, उसी को देखते हुए हरिभूमि ने बच्चों के लिए बाल भूमि परिशिष्ठ प्रकाशित किया जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास हो सकें।

### नित नये आयाम गढ़ते गया




मो. याकूब कुरैशी
सभापति
नगर पालिका सिमगा

हरिभूमि के स्थापना दिवस के समय पर ही प्रदेश का ही गठन हाल ही में हुआ था उस समय से आज तक जैसे राज्य प्रगति पथ पर अग्रसर रहा उसी तरह मेरा प्रिय अखबार हरिभूमि नित नये आयाम गढ़ते



संकलनकर्ता- राकेश श्रीवास, हरिभूमि संवाददाता सिमगा, मो.- 9300696088, 9589914433 कुणाल श्रीवास



## खबर संक्षेप



### रवि कुमार बने ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी

**कटगी।** ग्राम कटगी निवासी रवि कुमार थवाईत ने अपने कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से चरितार्थ कर दिखाया है। वे 14वीं रैंक हासिल कर ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी बने। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव में खुशी का माहौल है। साधारण ग्रामीण परिवेश से निकलकर यह मुकाम हासिल करना उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है। रवि थवाईत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, पत्नी तथा पूरे परिवार को देते हुए कहा कि उनके सहयोग और प्रेरणा के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी।

### शुष्क दिवस पर जमकर बिकी शराब

अर्जुनी। ग्राम अर्जुनी में गुरु घासीदास जयंती पर टोनाटार तिगड्डा में अवैध शराब की बिक्री जमकर हुई। शराब प्रेमियों ने बताया कि शुष्क दिवस पर भी शराब 200 से 300 रुपये तक बिक्री की गई। इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर संलिप्त लोगों पर कार्यवाई नहीं होना आबकारी विभाग की नीति को धता दे रहा है। जो कि भविष्य में इस तरह के कारोबार को न्योता दे रहा है।

### मद्य निषेध दिवस पर नशामुक्ति की दिलायी शपथ



**बलौदाबाजार।** बाबा गुरु घासीदास जयन्ती पर 18 दिसम्बर को मद्य निषेध दिवस मनाया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम एवं लोगों कि नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत स्तरों पर गठित भारत माता वाहिनी द्वारा नशामुक्ति कार्यक्रम,नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत प्रसारित दिशा- ग्राम पचांयतों में सचिवों के द्वारा नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम, नशामुक्ति साहित्यों का वितरण, नशा तया एड्स प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार, विद्यार्थियों में नशापान के विरूद्ध जागरूकता लाना, इसके अतिरिक्त स्थानीय संस्कृति एवं परम्पराओं के अनुरूप अन्य कार्यकम भी आयोजित किये गए।

### 29 से कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल

**महासमुंद।** 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा 29 से 31 दिसंबर तक हड़ताल की घोषणा की गई है। तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप तिवारी ने बताया कि मांगों में प्रमुख रूप से केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों और पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता लागू किया जाए, डीए एरियर की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समाहित किया जाए।

## गुरु घासीदास की शोभायात्रा का शिवरतन, नपा अध्यक्ष अश्वनी ने किया स्वागत

# गुरु बाबा ने मनखे मनखे एक समान का दिया संदेश

0हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



गुरु घासीदास जयंती की संध्या पर प्रगतिशील सतनामी समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ताओं के साथ किया स्वागत।

शोभायात्रा में जैतखाम और बाबा का छायाचित्र रथ पर सजाया गया था, जिसमें शिवरतन शर्मा ने फूल नारियल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। शिवरतन शर्मा, अश्वनी शर्मा ने समाज प्रमुखों युवाओं बड़े बुजुर्गों, माता बहनों सभी से मुलाकात कर गुरु घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि गुरु घासीदास के विचार आज सबसे अधिक प्रासंगिक हैं। उनके गुरु मंत्र मनखे मनखे एक समान समाज में हर मनुष्य की समानता का संदेश देता है। बाबा गुरु घासीदास ने समाज को खुशहाल बनाने का मार्ग हमें दिखलाया है। बाबा किसी एक समाज नही अपितु सर्वजनों के सुख की कामना करते थे। उन्होंने सामाजिक बुराईयों से दूर रहकर कैसे समाज और परिवार मे खुशहाली लाई जा सकती है इसका ज्ञान हमें दिया है। आज आवश्यकता है कि बाबा के बताए रास्ते पर आगे बढ़े ताकि हमारे परिवार o समाज मे सुख, समृद्धि और शान्ति बनी रहे।

अश्वनी शर्मा ने कहा की समाज में व्याप्त असमानता और भेदभाव के विरुद्ध मनखे-मनखे एक समान का अमर संदेश देने वाले गुरू घासीदासजी सदैव पूज्यनीय हैं। मानव कल्याण, समानता और सामाजिक न्याय की दिशा में गुरु बाबा के विचार सामाजिक समरसता की ज्योति बनकर सदैव हमें मार्गदर्शन देते रहेंगे। भव्य शोभायात्रा सतनामी समाज ने मिनीमाता भवन से शुरू हुई, जो नगर का भ्रमण करते हुए वापस मिनीमाता भवन पहुंची। शोभायात्रा में बैंड बाजे के साथ धुमाल व डीजे में युवा जमकर थिरके। साथ डीजे में बजते गीतों पर गोल घेरा बनाए महिलाएं सामूहिक नृत्य कर रही थी, वही बच्चों और युवाओं की टोलियां पूरे उमंगों में नृत्य बौछार कर रहे थे। इस अवसर पर राकेश तिवारी, आशिष जायसवाल, महाबल बघेल, मनिन्दर गुम्बर, राजा कामनानी, नंद किशोर अग्रवाल, श्रीकांत जायसवाल, उमा शंकर वर्मा, मनीष मिश्रा, भुवन ठाकुर, बब्बू मंधान, मोंटू ध्रुव, सतीश साहू, नंदकिशोर वैष्णव, सलीम खान, हारून, सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्तागण, सभापति, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## नगर में निकाली गई सतनाम संदेश शोभायात्रा



**खरोरा।** गुरु घासीदास बाबा की जयंती के पूर्व खरोरा परिक्षेत्र स्तरीय भव्य विशाल सतनाम संदेश शोभायात्रा निकाली गई, जो केशला बाजार चौक से प्रारंभ होकर विभिन्न वार्डों, चौक चौराहों, मार्गों से नगर भ्रमण करते हुए सतनाम धाम राजीव नगर खरोरा में गुरुगद्दी आसन में महाआरती पूजा अर्चना कर संपन्न हुई। खरोरा परिक्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गांवों से सतनाम के अनुयाइयों एवं सर्वधर्म के मानने वालों द्वारा जैतखाम स्थल केशला बाजार में इकट्ठा होकर सात ध्वजवाहकों के अगुयायिओं में श्वेत झंडे लिए बाबा गुरु घासीदास के जयघोष के नारे लगाते हुए सतनाम के संदेशों सत्य अहिंसा, भाईचारा और मानव मानव एक समान के संदेशों को जनजन तक पहुंचाया। इस दौरान अखाड़ा दलों द्वारा शौर्य प्रदर्शन किया। सतनाम संदेश शोभायात्रा का सर्वधर्म के लोगों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सम्मिलित सभी आगंतुकों का वेदराम मनहरे ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर खरोरा परिक्षेत्र सतनामी समाज के संरक्षक एवं समाज सेवक वेदराम मनहरे, टिकेश्वर मनहरे जनपद अध्यक्ष तिल्दा, मुकेश भारद्वाज, सुशील जांगड़े, श्यामसुंदर बांधेय, दौवा राम बंजारे, सुरेंद्र गिलहरे, रामकुमार कोसरिया, मनविश्राम गिलहरे, घनश्याम जोशी अध्यक्ष, संत नवरंगे, प्रकाश गिलहरे, भोजराम मनहरे, प्रवीण गिलहरे, बालक दास बंजारे, टेशम गिलहरे, राजूलाल आदिले, पंकज जांगड़े, अनिल रात्रे, रामा कोशले, टीकाराम रात्रे एवं सतनाम धाम के अध्यक्ष सुशीला मनहरे सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## रासेयो ने निकाली सतनाम संदेश शोभायात्रा



**बगबुडा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान(ख), बगबुडा के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने गुरुघासीदास बाबा जी की 269वीं जयंती पर सतनाम संदेश पदयात्रा निकाली। अर्धवार्षिक परीक्षा के व्यस्त समय के बावजूद विद्यार्थियों में बाबाजी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारी उत्साह देखा गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक के मार्गदर्शन में निकाली गई यह रैली ग्राम दतान(ख) और खैरा के विभिन्न गली-मोहल्लों से गुजरी। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने बाबा गुरुघासीदास जी के आदर्शों और मानव-मानव एक समान के नारे के साथ समाज में एकता और समरसता का संदेश प्रसारित किया।

इस अवसर पर प्राचार्य चन्द्र कुमार बंछोर ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा संत शिरोमणि गुरुघासीदास बाबा ने कठिन तपस्या के बल पर समाज को संगठित किया। उन्होंने जाति-पाति के भेदभाव का विरोध कर सभी मनुष्यों को एक समान रहने की सलाह दी। आज समाज उनके बताए सत्य के मार्ग पर चलकर ही उन्नति कर रहा है।

रैली में विद्यालय के 42 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। विशेष आकर्षण का केंद्र छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स और मॉडल रहे। स्वयंसेवक पिंकी सोनवानी, सोनम बंजारे, संगीता, नागेश्वरी, कावेरी निषाद, सुकृता महिलांग, निकिता बंजारे, पूनम बंजारे और राजनंदनी ने ड्राइंग शीट पर गुरुघासीदास जयंती से संबंधित आकर्षक चित्र और मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## सत्य, अहिंसा, प्रेम और करुणा है जीवन का मूल मंत्र



**बिलाईगढ़।** सावित्री बाई फुले महिला स्व सहायता समूह छुईहा रानीगढ़ ने संत गुरु घासीदास जयन्ती राजकुमार जांगड़े के मुख्य अतिथि में उत्साहपूर्वक मनाई।

कार्यक्रम में राजकुमार जांगड़े ने कहा कि भारतीय सामाजिक-धार्मिक इतिहास में गुरु घासीदास बाबा का नाम एक ऐसे महापुरुष के रूप में अंकित है, जिन्होंने अंधविश्वास, भेदभाव और सामाजिक कुरीतियों के अंधकार में सत्य का दीप प्रज्वलित किया। छत्तीसगढ़ की धरती पर जन्मे बाबा गुरु घासीदास ने सतनाम के संदेश के माध्यम से मानवता, समानता और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

गुरु घासीदास बाबा का मूल उपदेश था मनखे-मनखे एक समान। यह वाक्य केवल एक नारा नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति का आधार था। उस समय समाज जाति, ऊंच-नीच और छुआछूत की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। बाबा ने निर्भीक होकर इन कुरीतियों का विरोध किया और बताया कि ईश्वर एक है और सभी मनुष्य उसकी संतान हैं। सत्य, अहिंसा, प्रेम और करुणा को उन्होंने जीवन का मूल मंत्र बनाया।उन्होंने कहा आज जब समाज फिर से वैमनस्य, असहिष्णुता और स्वार्थ की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब गुरु घासीदास बाबा के विचार हमें सत्य और मानवता के मार्ग पर लौटने का आह्वान करते हैं। सतनाम का पथ हमें यह सिखाता है कि सच्चा धर्म वही है, जो मनुष्य को मनुष्य से जोड़ता है, तोड़ता नहीं।

निश्चय ही गुरु घासीदास बाबा केवल सतनाम पंथ के पथ प्रदर्शक ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके विचारों को अपनाकर ही एक समतामूलक, न्यायपूर्ण और मानवीय समाज की स्थापना संभव है।

कार्यक्रम में रुसबाई जांगड़े अध्यक्ष, रुबीना टण्डन सचिव, सरिता टण्डन, ललिता टण्डन, रवीना टण्डन, श्रद्धा बंजारे उपाध्यक्ष, हेमबाई बंजारे, रमाबाई महिलांगे, मीना टण्डन,सीमा टण्डन,उर्वशी टण्डन, रजनी टण्डन, ऊर्जस्वी जांगड़े, संजू टण्डन, रम्भा बाई टण्डन, ओमप्रकाश बारले, नरहरि टण्डन, रामेश्वर टण्डन सहित अनेक वरिष्ठजन उपस्थित थे।

## भटगांव में सतनामी समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा



**भटगांव।** गुरु घासीदास जयंती पर भटगांव में सतनामी समाज ने भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसमें हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान पूरा शहर बाबा के पावन संदेश सत्य ही मानव का आभूषण है के साथ सतनाम मय हो गया। यह शोभायात्रा नगर के सतनाम भवन देवसागर मोड के पास से निकलकर नगर के विभिन्न चौक चौराहा होते हुए पुनः सतनाम भवन के पास सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान पंथी दलों द्वारा पारंपरिक कला की शानदार प्रस्तुति दी गई। शौर्य प्रदर्शन आकर्षक झांकिया और भव्य शोभायात्रा मुख्य आकर्षण रहे। जिससे पूरे शहर का ध्यान शोभायात्रा की ओर रहा। शोभायात्रा में मुख्य नगर पंचायत भटगांव के अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, समस्त पार्षदगण एवं समाज के प्रमुख लोगों के साथ ही सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

## गुरु घासीदास जयंती पर खीर पूरी का वितरण

**गोपालपुर।** ग्राम पंचायत मुख्यालय धौराभाठा घो. में गुरु घासीदास जयंती पर खीर पूरी का वितरण किया गया। साथ साथ गांव में शोभा यात्रा निकाल भ्रमण किया गया, जगह-जगह गुरु घासीदास की पूजा अर्चना की गई। ज्ञात हो कि साधराम जाटवर, साइकिल स्टोर्स एवं ज्ञान प्रकाश के नव निर्माण मकान के पास सभी राहगीरों को खीर पूरी प्रसाद का वितरण किया गया।





## घर-घर में हुई बाबा गुरुघासीदास की पूजा अर्चना

**बगबुड़ा** ग्राम बगबुड़ा में बाबा गुरुघासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। पर्व पर गांव गांव तथा घर घर में जोड़ा जैतखाम का निर्माण पूजा अर्चना कर पालों चढ़ावा। इस दौरान मेवा मिष्ठान के साथ प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ताराचंद कठोत्रे, अश्वनी कुमार कठोत्रे, सुलोचनी, शिवकुमारी, तुलसी, दरशमति, साधराम, अनिल, मायावती, भाब्या, निधि, धनसिका, ऐवानसि, योगिया, भूमिका शामिल हुईं।

## रिसदा में मनाई गई गुरु बाबा की जयंती




**रिसदा।** जिला मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत रिसदा में सतनामी समाज द्वारा गुरु घासीदास बाबाजी की जयंती मनायी गई। ग्राम के बोईर-पीपल चौक स्थित जोड़ा जैतखाम एवं पुराना बाजार चौक स्थित जैतखाम में पालो चढ़ाया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष जगमोहन घृतलहरे, उपाध्यक्ष आनंद राम मंडले, भंडारी शिवदास जोशी, गंगाराम खुटे, लोमश घृतलहरे, ग्राम के पूर्व सरपंच जितेंद्र खुटे, उप सरपंच पवन वर्मा, कुमार भारद्वाज, संतोष कुर्रे,राकेश मंडले, कोषाध्यक्ष सुखीराम खुटे, मूलचंद खुटे, अनिल खुटे, प्रेम भारद्वाज, मोहताज डहरिया, प्रदीप खुटे, पंच हेमंत वर्मा, लीलाधर चतुर्वेदी, धरमदास जोशी, रवि मंडले, आशीष बंजारे, महेंद्र चतुर्वेदी, टुवेंद्र जोशी, संजय देशलहरे, चंद्रहास घृत लहरे सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं, युवतियां एवं बच्चे उपस्थित थे।

## शपथ ग्रहण में शामिल होने मंत्री टंकराम वर्मा को निषाद समाज ने दिया न्योता

**लवन।** तहसील लवन के समीप स्थित केंवट (निषाद) समाज के प्रमुख आस्था केंद्र चंगोरीपुरी धाम में इस माह भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होने जा रहा है। केंवट निषाद समाज परिक्षेत्र चंगोरी और केंद्रीय कार्यालय शिवरीनारायण के नवनियुक्त पदाधिकारियों के इस कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नव-मनोनीत अध्यक्ष गोलू कैवर्त्य के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बलौदाबाजार स्थित भाजपा जिला कार्यालय में मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात की। पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और शपथ ग्रहण समारोह का औपचारिक निमंत्रण सौंपा। मंत्री वर्मा ने निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने की अपनी सहमति प्रदान की है। इस मुलाकात के दौरान नवनियुक्त टीम में गोलू कैवर्त्य अध्यक्ष, गुरुदयाल कैवर्त्य प्रवक्ता, टेकराम निषाद मंच संचालक, प्रहलाद कैवर्त्य अंकेक्षक, ईश्वर कैवर्त्य व पंचू राम कैवर्त्य सदस्य मौजूद थे।



## राज्य स्तरीय ओपन फिटनेस रन स्पर्धा में शामिल होने मुख्यमंत्री को न्योता



**पलारी।** पीटीएस खेल संघ के प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू के नेतृत्व में पीटीएस खेल संघ संरक्षक एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू के साथ मुख्यमंत्री बिष्णुदेव साय से विधानसभा स्थित कार्यालय में सौजन्य मुलाकात कर बलौदाबाजार जिला के ग्राम खरतोरा में आयोजित राज्य स्तरीय ओपन फिटनेस रन प्रतियोगिता में शामिल होने आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रण के लिये धन्यवाद देते हुये सफल आयोजन करने के लिये प्रेरित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विगत दिवस विशाखापट्नम उड़ीसा में आयोजित 42 किलोमीटर अंतरराष्ट्रीय ओपन मैराथन दौड़ में पांचवा स्थान आने वाले खरतोरा निवासी सुरेश कुमार साहू को पुरस्कार में मिले मैडल को पहनाकर सम्मानित करते हुये बधाई दी। प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव को भी आमंत्रित किया। विभिन्न खेल संगठनों के सहयोग से आयोजित इस दौड़ में खिलाड़ियों को एक लाख रुपये नगद प्रोत्साहन राशि वितरित किया जाएगा। पहले पंजीयन कराने वाले 1000 धावकों को मुफ्त प्रदान करने वाले टी शर्ट को मुख्यमंत्री के हाथों लांच भी कराया गया। इस आयोजन में सैनिक, पुलिस, अग्निवीर, सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भी सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर पीटीएस संघ संयोजक सुरेश कुमार साहू, अध्यक्ष कमलेश कुमार साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष लीलाधर साहू, तारणदास मानिकपुरी, धरम वर्मा, पुरेन्द्र कुमार सेन, इंदल साहू उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### नेशल लोक अदालतों ...

2024 की में आयोजित चार राष्ट्रीय लोक अदालत एवं वर्ष 2025 में आयोजित चार राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले परिवार न्यायालयों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार व्यास, न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत, न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय, न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल, न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा, न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरु एवं न्यायमूर्ति अमितेंद्र किशोर प्रसाद की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार जनरल एवं रजिस्ट्री के अधिकारीगण, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के निदेशक एवं अधिकारीगण, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव एवं अधिकारीगण, समस्त जिलों के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं परिवार न्यायालयों के न्यायाधीश, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिव तथा समस्त जिलों से नामित पैरा लीगल वॉलंटियर्स भी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने किया ...

शुक्ला ,यादव समाज अध्यक्ष सुरेंद्र यादव,जितेंद्र नवरत्न, गौरी भृगु, सलमान शेख, अभिषेक पटेल, सुभाष राव, मनीष वर्मा, सूर्यकांत वर्मा, भानु प्रताप वर्मा, आयुष भतपहरी, कमल पटेल, जयनायक सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### असामाजिक तत्वों ने...

अशोक जैन ने इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा नगर को सुंदर बनाने के लिए करोड़ों रुपयों की लागत से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ लोगों ने जानबूझकर इस ओछी हरकत के जरिए विकास कार्यों में बाधा डालने का प्रयास किया है। ऐसी हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशिष तिवारी ने बताया कि चौक के सौंदर्यीकरण से नागरिकों को एक बेहतर वातावरण मिलता है, लेकिन असामाजिक तत्वों ने इसे नुकसान पहुंचाया है। इस संबंध में स्थानीय आरक्षित केंद्र (थाना) में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए अज्ञात तत्वों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

### गुरु घासीदास बाबा ...

एसडीएम रामरतन दुबे, तहसीलदार युवराज कुर्रे, और पटवारी कृष्ण कुमार मिरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मुस्तैद रहे। 18 दिसंबर 1756 को जन्मे बाबा गुरुघासीदास ने उस दौर में समाज को दिशा दी जब ऊंच-नीच और छुआछूत चरम पर था। पिता महंगूदास और माता अमरौतिन के घर जन्मे बाबा ने सत्य, अहिंसा और सात्विक जीवन का मार्ग दिखाया। उनके द्वारा दिए गए सात वचन आज भी सतनाम पंथ के सप्त सिद्धांतों के रूप में समाज का मार्गदर्शन कर रहे हैं। विदित हो कि छाता पहाड़ जहां बाबा ने तपस्या की थी। अमृत कुंड जिसका जल श्रद्धालु प्रसाद के रूप में ले जाते हैं। चरण कुंड जहां बाबा के चरणों के निशान हैं। सफुरा तालाब पवित्र स्नान और दर्शन का केंद्र। बाबा गुरुघासीदास की जयंती का यह उत्सव छत्तीसगढ़ में लगभग एक माह तक विभिन्न स्थानों पर मेले और आयोजनों के रूप में जारी रहेगा। गिरौदपुरी में उमड़ी यह भीड़ बाबा के प्रति लोगों की अटूट आस्था और उनके विचारों की प्रासंगिकता को दर्शाती है।

आमंत्रण

# श्रीरामकथा



आत्मीय स्वजन,

प्रभु श्री रामचन्द्र जी की असीम अनुकम्पा से स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउण्डेशन के तत्वावधान में विगत 15 वर्षों से संगीतमयी श्री राम कथा, श्रीमद् भागवत कथा एवं शिव महापुराण कथा का आयोजन अनवरत किया जा रहा है।

इस वर्ष पुनः संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन दशहरा मैदान, बलौदाबाजार में आयोजित है। इस शुभ अवसर पर आप सपरिवार श्री रामकथा का रसपान कर धर्म पथ के साक्षी बनने हेतु सविनय आमंत्रित है

कथा वाचक
**मानस विदुषी देवी चंद्रकला जी**
(अयोध्याधाम उ.प्र.)



## श्री राम कथा सप्ताह विवरण

**श्री रामकथा महिमा**
शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025

**शिव पार्वती विवाह**
शनिवार, 20 दिसंबर 2025

**श्री राम जन्मोत्सव**
रविवार, 21 दिसंबर 2025

**श्री सीताराम विवाहोत्सव**
सोमवार, 22 दिसंबर 2025

**वन गमन, केवट संवाद**
मंगलवार, 23 दिसंबर 2025

**भरत चरित्र**
बुधवार, 24 दिसंबर 2025

**लंका दहन एवं श्री रामराज्याभिषेक**
गुरुवार, 25 दिसंबर 2025

कलश यात्रा - 19 दिसंबर 2025, शुक्रवार को
प्रातः 11 बजे षष्ठी देवी मंदिर से, कथा स्थल - दशहरा मैदान तक

कथा समय- दोपहर 1.00 से सायं 5.00 बजे तक
स्थान - दशहरा मैदान, बलौदा बाजार



**पुष्पराज वर्मा**
संयोजक एवं आयोजक
स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउण्डेशन
बलौदा बाजार






**टंकराम वर्मा**
समाज सेवी

**विनीत - समस्त नगरवासी बलौदाबाजार**



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
12 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
शोले री रीलीज
शो समय - 11:45 PM
धुरंधर
शो समय - 12:00,3:00, 6:45, 9:00 PM
किस किस को प्यार करु- 2
शो समय - 3:45 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# विधानसभा में गूंजा बिलाईगढ़ और पवनी में सहकारी बैंक का मुद्दा

## विधायक कविता प्राण लहरे ने सरकार को घेरा, कहा- यह प्रशासनिक विफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

विधायक कविता प्राण लहरे ने विधानसभा में मंगलवार को बिलाईगढ़ एवं पवनी में सहकारी बैंक संचालन का मुद्दा उठाया गया। उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि ग्रामीण और कृषि-प्रधान क्षेत्रों में सहकारी बैंक की स्वीकृति मिलने के बावजूद आज तक बैंक संचालन शुरू न होना सरकार की गंभीर प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है।


उन्होंने बताया कि 26 नवंबर 2024 और 11 अप्रैल 2025 को आरबीआई से समय-सीमा बढ़ाने के लिए पत्राचार किया गया, लेकिन सरकार की कमजोर तैयारी के कारण दोनों ही बार अनुरोध अस्वीकार कर दिया गया।

विधायक ने कहा कि यह मामला केवल बैंक खोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे किसानों, स्व-सहायता समूहों, छोटे व्यापारियों और ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की उदासीनता के कारण आज भी क्षेत्र की जनता साहूकारों पर निर्भर रहने मजबूर है।

उन्होंने मंत्री के उस बयान पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी, जिसमें कहा गया था कि बैंक संचालन प्रारंभ होने की निश्चित तिथि बताना वर्तमान में संभव नहीं है। विधायक ने इसे सरकार की विफलता की स्वीकारोक्ति बताया।

### बैंक आखिर कब खुलेगा

विधायक ने मांग की कि सहकारीता बैंक के लिए तत्काल विशेष भर्ती या प्रतिनियुक्ति के माध्यम से कर्मचारियों की व्यवस्था की जाए, आरबीआई से पुनः समन्वय कर बैंक संचालन की स्पष्ट समय-सीमा तय की जाए और बिलाईगढ़ व पवनी की जनता को बताया जाए कि उनका बैंक आखिर कब खुलेगा।





### मानव संसाधन की कमी बनी बाधा

विधायक कविता ने सदन में कहा कि मंत्री के उत्तर से स्पष्ट है कि भारतीय रिजर्व बैंक से स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है, इसके बावजूद कर्मचारियों की कमी और लापरवाही के चलते बैंक आज तक जनता के लिए नहीं खुल पाए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार को पहले से पता था कि बैंक संचालन के लिए मानव संसाधन आवश्यक हैं, तो समय रहते भर्ती या वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई।

## खबर संक्षेप



### वन रक्षक बने रोशन का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**गोपालपुर**। तहसील सरसीवां के अन्तर्गत पंचायत मुख्यालय रायकोना के रोशन पिता सहनी यादव का वन रक्षक के पद पर चयन हुआ। जिला शक्ति में प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उनकी पोस्टिंग गरियाबंद में होने पर वे अपने गृह ग्राम रायकोना पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

### निधन

**चैनसिंह धीवर**



**बंगोली**। ग्राम बंगोली निवासी 55 वर्षीय चैनसिंह धीवर का 17 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल हुए। वे ललिता धीवर के पति तथा लुकेश्वर धीवर के पिता थे।

## ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर किया गया निराकरण

# जिला प्रशासन पहुंचा परसापाली कलेक्टर ने रात में लगाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़





प्रशासन गांव की ओर थीम पर रात्रिकालीन जन चौपाल का दूसरा आयोजन कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम पंचायत परसापाली में किया। उन्होंने बरगद पेड़ के नीचे खाट पर बैठकर ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने धान खरीदी में लिमिट की बढ़ोतरी एवं 24 घंटे टोकन काटने की दी। जानकारी कलेक्टर ने अपने साथ पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, आबकारी, विद्युत, स्कूल शिक्षा, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास, लोक निर्माण, कृषि, सहकारिता, खाद्य, समाज कल्याण, स्वास्थ्य आदि विभाग के जिला अधिकारियों को चौपाल में लाये थे। इसमें सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। कलेक्टर ने धान खरीदी में लिमिट की बढ़ोतरी एवं 24 घंटे टोकन काटने की जानकारी दी। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि शासन की योजनाएं गांव-गांव तक सही रूप में पहुंच रही हैं या नहीं, इसकी जांच के लिए जन चौपाल लगाई जा रही है और समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।उचित मूल्य दुकान को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि चावल समय पर मिल रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने नर्स की कमी बतायी। ग्राम की महिलाओं ने बताया कि यहां 20 स्व-सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनमें बकरी पालन, टेंट कार्य सहित विभिन्न आजीविका गतिविधियां संचालित हो रही हैं और लगभग 40 महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। जल जीवन मिशन के तहत डीपापारा में पाइपलाइन नहीं बिछने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने तत्काल पाइपलाइन बिछाकर पानी पहुंचाने के निर्देश दिए। भोगडीह क्षेत्र में भी जलापूर्ति चालू नहीं होने की शिकायत पर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। ग्रामीणों ने 500 मीटर सीसी रोड की मांग रखी। चौपाल के दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया।

### तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए

कलेक्टर ने गांव की मूलभूत सुविधाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन वितरण, आवास, जल जीवन मिशन और कृषि से जुड़े विषयों पर ग्रामीणों से विस्तार से चर्चा की। स्कूल शिक्षा में शिक्षकों की उपस्थिति एवं आंगनबाड़ी केंद्र की समीक्षा की गई। ग्राम में संचालित तीन आंगनबाड़ी केंद्रों में से एक के किचन शेड के टूटे होने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए। कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों से संवाद कर पढ़ाई के स्तर की जानकारी ली। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्कूल में 5 शिक्षक पदस्थ हैं। कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के कक्षा चौथी के बच्चों से मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली।

# भागवत में नारद–व्यास संवाद पर श्रद्धालु हुए भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावण





ग्राम सकलोर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के द्वितीय दिवस श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। कथा के अद्भुत प्रसंगों को सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए और पूरा पंडाल भक्ति रस में डूबा नजर आया। द्वितीय दिवस की कथा का शुभारंभ राष्ट्रीय कथा वाचिका सुश्री अनन्या शर्मा ने व्यासपीठ से किया। उन्होंने भागवत के गूढ़ रहस्यों को सरल और भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत करते हुए श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन की ओर प्रेरित किया। कथा का मुख्य आकर्षण नारद–व्यास संवाद रहा। इस प्रसंग में बताया गया किचारों वेदों और पुराणों की रचना के बाद भी जब महर्षि वेदव्यास अशांत थे, तब देवर्षि नारद ने उन्हें भगवान की लीलाओं का गुणगान करने का उपदेश दिया। इसी प्रेरणा से श्रीमद्भागवत महापुराण की रचना हुई, जो मानव कल्याण का सर्वोत्तम मार्ग है। शुकदेव–परीक्षित मिलन कथा में यह भावपूर्ण संदेश दिया गया कि मृत्यु के भय से ऊपर उठकर राजा परीक्षित ने शुकदेव जी के चरणों में बैठकर सात दिनों में मोक्ष का मार्ग प्रशस्त किया। वहीं भगवान के वराह अवतार की कथा में अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना का संदेश दिया गया। नन्हें बालक ध्रुव के कठोर तप और अटूट श्रद्धा की कथा ने श्रोताओं की आंखें नम कर दीं। कथा के दौरान भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का उल्लासपूर्ण प्रसंग सुनाया गया, जिस पर पूरा पांडाल हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए। सुश्री अनन्या शर्मा जी की ओजस्वी एवं मधुर वाणी ने श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा। उन्होंने संदेश दिया कि माता-पिता की स्मृति में कराया गया यह आयोजन पितरों की शांति के साथ-साथ समाज में संस्कार और भक्ति के बीज बोने का सशक्त माध्यम है। भागवत कथा केवल सुनने का विषय नहीं, बल्कि जीवन में उतारने का अमृत है, जो परीक्षित की भांति जिज्ञासा लेकर आता है, उसे गोविंद अवश्य मिलते हैं।

■ सकलोर में कथा वाचिका अनन्या शर्मा की भागवत कथा जारी

# सहकारी केन्द्रीय बैंक के नवनियुक्त उपाध्यक्ष का पलारी में हुआ गर्मजोशी से स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अभिनेष कश्यप का नगर पलारी में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर ने प्रदेशभर में सहकारी बैंकों में अशासकीय सदस्यों की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे किसानों के हित में लिया गया एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि यह कदम सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करेगा और किसानों को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करेगा। उनके अनुसार सहकारिता क्षेत्र में यह मनोनयन निश्चित ही एक मील का पत्थर साबित होगा।

नवनियुक्त उपाध्यक्ष अभिनेष कश्यप ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों की सेवा करने का जो महत्वपूर्ण दायित्व उन्हें सौंपा गया है, वह उनके लिए गर्व के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सामूहिक प्रयास और समन्वय के साथ इस दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा नेता विपिन बिहारी वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नंद वर्मा सहित संकेत वर्मा, ताजेंद कन्नौजे, मनोज वर्मा, पवन बघेल, डोमार वर्मा, अमित, भोला वर्मा, सुरेंद्र सहित पलारी, रोहांसी, कोसमंदी, वटगन, कोदवा सहित विभिन्न बैंक शाखाओं एवं सहकारी समितियों के किसान प्रतिनिधि और कर्म्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### किसानों के हित में तेज होंगे प्रयास

आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को स्वीकार कर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में गांव, गरीब और किसानों के हित में निरंतर सकारात्मक कार्य हो रहे हैं। सहकारिता के माध्यम से किसानों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में रायपुर जिला सहकारी बैंक सतत प्रयासरत है, जिसे नवनियुक्त अध्यक्ष निरंजन सिन्हा के साथ मिलकर और अधिक गति दी जाएगी।

# एसआईआर पर सुहेला और हथबंद नवापारा मंडल की हुई संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला





भाजपा सुहेला मंडल एवं हथबंद नवापारा मंडल की संयुक्त विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर समीक्षा बैठक भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में बीएलए-2 एवं बूथ अध्यक्षों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आगे की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि बूथ स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करते हुए बीएलओ के साथ बेहतर समन्वय बनाकर पारदर्शिता एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ एसआईआर अभियान सफल बनाएं। बैठक में मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, त्रुटियों के सुधार तथा प्रत्येक बूथ पर जागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि आज हम मेहनत करेंगे तो अगले 20 साल तक हमारी मतदाता सूची शुद्ध होगी, जिससे फर्जी नाम नहीं रहेंगे। इस अवसर पर विजय केशरवानी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता वर्मा, जिला मंत्री शिव कटरिया, मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, सुहेला मंडल अध्यक्ष हेमन्त बघमार, सुहेला मंडल के महामंत्री एवं पदाधिकारीगण, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, महामंत्री प्रेमलता वर्मा, युगल किशोर वर्मा रामकुमार साहू, डॉ. धनीराम साहू, सुमित वर्मा, दीपक वर्मा, कुलदीपक वर्मा, रूपेंद्र वर्मा, मंत्री लिली वर्मा, उपाध्यक्ष कविता वर्मा, जीवन साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चवरे, हरिश वैष्णव, मनीष पाल, डोमार मारखंडे, जनपद सदस्य खोमलाल साहू, उपाध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद, मंत्री खेमराज वर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी धनीराम रजक, प्रकाश पाल मीडिया प्रभारी सहित हथबंद नवापारा एवं सुहेला मंडल के समस्त भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ बीएलए-2 एवं बूथ अध्यक्षों के कार्यों की समीक्षा की गई

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर
बाजार मूल्य ₹ 399 एवं उससे अधिक वाली
स्टेनलेस स्टील से बने प्रीमियम क्वालिटी के
चाय, दूध, कॉफी गर्म करने के लिये उपयोगी
सॉस पेन




2 पीस
₹ 189
2 पीस सॉसपेन की कीमत मात्र ₹189 में
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 सेट दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.
सिटी सेंटर, भाटापारा
*condition apply